>

TitleNeed to construct the road equipped with public facilities beneath the over-bridge on N.H. 14 at village Thara in Banaskantha district, Gujarat for easy movement of pedestrians and two wheelers-laid.

श्री जगदीश ठाकोर (पाटन): महोदय, मैं सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार का ध्यान राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 14 कांडला-पालनपुर-दिल्ली पर स्थित जिला बनासकांठा के ताल्लुका कांकरेज के गांव थरा की ओर आकृष्ट करना चाहता हूँ। गाँव थरा इस ताल्लुका का मुख्य गांव है । थरा में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा एक ओवर ब्रिज का निर्माण कराया गया है, जब यह निर्माण कार्य चल रहा था स्थानीय नागरिकों ने ब्रिज के नीचे से बनाये जा रहे मार्ग को व्यवस्थित तथा जन अपेक्षाओं के अनुरूप सुविधापूर्ण बनाने के लिए प्राधिकरण को पत्र लिखे एवं धरना, प्रदर्शन किए ।

इसके अतिरिक्त स्थानीय विधायक, संसद सदस्य ने भी इसको बदलने हेतु पत्र लिखे तथा अधिकारियों से संपर्क किया तथा जन प्रतिनिधियों को मौखिक आश्वासन दिया गया ।

किन्तु बड़े खेद के साथ मुझे यह कहना पड़ रहा है कि सरकार द्वारा खर्च किए गए पैसे का लाभ नागरिकों को नहीं मिला । इस स्थान के मुख्य मार्ग से काफी दूर होने के कारण लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है ।

थरा के लोगों की मांग हे कि पैदल यात्रियों के आने जाने तथा साइकिल, स्कूटर यात्रियों की सुविधा के लिए कोई उचित व्यवस्था की जाये क्योंकि गत दो वर्षों में इस राजमार्ग पर कई दुर्घटनाएं हुई जिससे जान माल का नुकसान हुआ । अब तक आठ जाने जा चुकी हैं तथा इस प्रकार की दुर्घटना से राजमार्ग घंटों बंद रहता है ।

अतः मेरा अनुरोध हे कि माननीय मंत्री महोदय इस विषय में अधिकारियों को उचित दिशा निर्देश दें जिससे लोगों की समस्याओं का समाधान हो सके ।